卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 77 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦23 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम ने आमजन से लिया फीडबैक

रानीखेत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय अल्मोड़ा दौरे के दौरान मंगलवार सुबह रानीखेत में





मॉर्निंग वॉक किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ चाय पर संवाद स्थापित कर 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत उनके सुझाव और फीडबैक लिए। आमजन ने इस पहल की सराहना की और इसे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया। मुख्यमंत्री धामी ने मॉर्निंग वॉक के दौरान स्थानीय लोगों, व्यवसायियों और सैलानियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता निरंतर सशक्त हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन से सीधे जुड़ कर उनकी समस्याओं को समझ रही है और उनके समाधान को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रही है। धामी ने दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आए पर्यटकों से भी भेंट की और (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू ट्रक से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत

हरिद्वार(उद संवाददाता)। बेकाबू ट्रक ने एक युवक का सिर कुचल दिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक लेकर फरार हो गया।



घटना हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर हरिलोक तिराहे पर हुई। सोमवार रात बहादराबाद की ओर से आ रहा ट्रक तेज रफ्तार में था, जैसे ही ट्रक हरिलोक तिराहे के पास पहुंचा तभी अचानक पैदल चल रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। पिछले टायर में युवक बुरी तरह कुचलने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा इतना भीष्ज्ञण था कि युवक का शरीर कई हिस्सों में बिखर गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा तरफरी का माहौल कायम हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हालाकि कुछ लोगों ने उसका पीछा (शेष पृष्ठ सात पर)

## कर्ज में डूबी महिला ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोगों के कर्ज में डूबी एक महिला ने सोमवार की सायं घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को फांसी से उतार कर चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया नम्बर एक निवासी 50 वर्षीय महिला चम्पा राय पत्नी दलीप राय एक राईस मिल में काम कर परिवार का भरण पोषण करती थी। बताया जाता है कि उसने अनेक लोगों से परिवार के भरण पोषण व अन्य कार्यों के लिए रूपये उधार लिये थे और जिन लोगों से उसने रूपये लेने थे वह उसे रूपयें वापस नहीं लौटा रहे थे। जिस कारण चम्पा राय पिछले काफी दिनों से आर्थिक परेशानियों से जूझ रही थी और मानसिक रूप से तनाव में रहती थी। सोमवार की सायं जब परिजन घर में मौजूद नहीं थे तभी चम्पा राय ने घर में साड़ी से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। परिजनों ने घर आकर जब उसे फांसी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हरदा ने भाजपा की पोस्ट के खिलाफ दी तहरीर

### झूठ और नफरत के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा: हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा के एआई वीडियो वायरल करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने भाजपा द्वारा कथित रूप से एआई से तैयार वीडियो वायरल किए जाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को वे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नेहरू कॉलोनी पुलिस थाने पहुंचे और भाजपा के खिलाफ तहरीर सौंपते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की।



नेहरू कालीनी पुलिस थाने में पहुंचकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने तहरीर सौपते हुए कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुचे। इस दौरान भाजपा के खिलाफ हमला बोलते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा के नेताओं के झूठ के खिलफ संघर्ष किया जायेगा। संविधानिक रूप से कोई भी सरकार धर्म के आधार पर राजनीति नहीं कर सकती है लेकिन चुनाव नजदीक आते ही भाजपा दुष्प्रचार पर उतर आई है। यदि कोई सैद्धांतिक विरोध कर रहा है तो उसको देश द्रोही कहा जा रहा है। यदि मै देशद्रोही हु तो मुझे पत्थर से मारे लेकिन इसे भाजपा को सिद्ध करना होगा। थाने पहुंचे हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव नजदीक आते ही दुष्प्रचार का सहारा ले रही है और एआई तकनीक का दुरुपयोग कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत धर्म के आधार पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## 40 लाख बकाया मांगने पर व्यापारी पर हमला

### डैकेन हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी के स्वामी और अन्य पर केस दर्ज

रूद्रपुर। सिडकुल पंतनगर स्थित डैकेन हेल्थकेयर लिमिटेड के मालिक और उनके सहयोगियों पर व्यवसायी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित धनन्जय सर्राफ, निवासी इण्डो पैक लिमिटेड, न्यू दिल्ली ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 में पंतनगर स्थित डैकेन हेल्थकेयर लिमिटेड (प्लाट नं. 13, सेक्टर-3, आईआईई सिडकुल) के साथ दवाई की फॉइल प्रीटिंग का व्यवसाय शुरू किया था। इसके तहत उसको कंपनी द्वारा माल दिया जाता था और उसके एवज में उनका भुगतान किया जाता था। वर्ष 2019 के बाद कंपनी ने भुगतान करने में विलंब करना शुरू कर दिया और माल लेने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया। समय के साथ कुल बकाया 40,05,704 रुपये तक पहुंच गया। कई बार भुगतान के लिए तकादा करने के बावजूद कंपनी ने लगातार टालमटोल किया और भुगतान करने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जून 2025 में जब उन्होंने अपनी बकाया राशि लेने के लिए कंपनी में संपर्क किया, तो कंपनी के मालिक मोहक गुप्ता पुत्र मिन्टू पुरुषोत्तम गुप्ता और उनके सहयोगी सिद्धार्थ पाण्डेय तथा तारा सिंह ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौच की। आरोप है कि धमकी दी गई कि यदि वह फिर से पैसे मांगने आए तो उसकी जान खतरे में होगी। धनन्जय सर्राफ ने कहा कि 22 नवंबर 2025 को जब वह पुनः अपनी राशि मांगने कंपनी पहुँचे, तो उन्हें फिर से जान से मारने की धमकी दी गई और आरोपी हमले का प्रयास करने लगे। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई और मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित कंपनी और नामित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिंदूवादी संगठनों ने घेरी ट्रांजिट कैम्प कोतवाली

### गौरक्षक दल के सदस्य पर हमले पर जताया रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि नई बस्ती वार्ड एक ट्रांजिट कैम्प में महिला से हुई मारपीट के मामले में बीच बचाव के लिए गये गौरक्षक दल के सदस्य पर कुछ हथियार बंद युवकों द्वारा किये गये हमले के विरोध में हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार नई बस्ती वार्ड एक ट्रांजिट कैम्प में सोमवार की रात्रि



कुछ लोगों ने किसी बात को लेकर परिजनों की गैर मौजूदगी में घर में मौजूद महिला से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर महिला के परिजन भी आ गये और उन्होंने हमलावरों का विरोध किया। जिस पर हमलावरों ने परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान गौ रक्षक दल से जुड़े युवक आदि कुमार ने जब परिजनों को बचाने की कोशिश की तो आरोप है हमलावरों ने आदि पर तमंचा तानकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया और धमकी देते हुए मौके से भाग गये। घटना की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## जोरदार प्रदर्शन के साथ बांग्लादेश के पीएम का पुतला फूंका

रुद्रपुर/रामनगर (उद संवाददाता)। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद की पीट पीटकर की गई निर्मम हत्या और उसके बाद उसका शव पेड़ से लटकाकर जला देने के मामले से आक्रोशित बंगाली कल्याण समिति के लोगों ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में बांग्लादेश सरकार और प्रधानमंत्री युनूस का पुतला फूंका और घटना की कड़े शब्दों में कड़ी निंदा की। रोषित लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी और वरिष्ठ नेता परिमल राय ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार चिंता का विषय हैं और इस तरह की घटनाएं मानवता को शर्मसार करती हैं। उन्होंने भारत सरकार से भी इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो इसके विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर अंगद भारद्वाज, सुमित राय, सुमित मंडल, सुब्रत विश्वास, अभिमन्यु साना, पार्षद शुभम दास, विश्वजीत मंडल, राज चक्रवर्ती, पंकज दास, मानस बैरागी, एसपी सरकार सहित (शेष पृष्ठ 7 पर)





## भालू ने स्कूली बच्चों पर फिर किया हमला

गोपेश्वर। चमोली जिले में लगातार दूसरे दिन भालू ने स्कूली बच्चों पर हमला कर दिया। मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज गोपेश्वर के पास स्कूल जा रही छात्राओं पर भालू ने अचानक हमला किया। घटना के दौरान छात्रा राधिका बाल-बाल बच गई, जबकि दूसरी छात्रा भालू से बचने के लिए भागते समय गिर गई और बेहोश हो गई।



दोनों घायल छात्राओं को तत्काल जिला अस्पताल गोपेश्वर में भर्ती कराया गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोग (शेष पृष्ठ सात पर)

# युवक की हत्या के दोषी प्रेमी प्रेमिका को आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वर्ष 2020 में नैनीताल जिले भीमताल थाना क्षेत्र में काठगोदाम भीमताल मार्ग पर हुए चर्चित हत्या प्रकरण में दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। प्रेम संबंधों के चलते रची गई साजिश के तहत युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में नैनीताल जिला न्यायालय ने अभियुक्ता हल्द्वानी के बनभूलपुरा निवासी अमरीन जहां और उसके दोस्त राधेश्याम शुक्ला को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है।दोनो पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा अवैध हथियार रखने और उसका प्रयोग करने के आरोप में राधेश्याम शुक्ला को आर्म्स एक्ट के तहत तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास और 10 हजार रुपये का अर्थदंड दिया गया है। मामले में अभियोजन के अनुसार 2 जनवरी 2020 को दोपहर करीब ढाई बजे अमरीन जहां, निवासी इन्द्रानगर हल्द्वानी, पहले से तय योजना के तहत अपने परिचित नाजिम अली को भीमताल घूमने के बहाने अपने साथ ले गई। इसी दौरान उसका साथी राधेश्याम शुक्ला मोटरसाइकिल से पीछे-पीछे चलता रहा। जब तीनों चंदा देवी मंदिर के पास हेयरपिन मोड़ पर पहुंचे तो वहां रुकने का बहाना बनाया गया। यही वह स्थान था जहां साजिश को अंजाम दिया गया। राधेश्याम ने पहले अमरीन, नाजिम और अपनी तस्वीरें खींचीं और फिर बेहद नजदीक से 315 बोर के तमंचे से नाजिम पर गोली चला दी। वारदात के बाद मौके से फरार हो गया।जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल की कोर्ट ने हत्या मामले में अभियुक्त अमरीन पत्नी मोहम्मद हनीफ, निवासी इंद्रानगर थाना बनभूलपुरा और हल्द्वानी कुल्यालपुरा वाल्मीकि कालोनी, नवाबी रोड निवासी राधेश्याम शुक्ला को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा के अनुसार घटना दो जनवरी 2020 को हेयर पिन बैंड के पास काठगोदाम भीमताल रोड चंदा देवी मंदिर के पास की है। इंद्रानगर निवासी वाजिद अली खान ने पुलिस में तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसके भाई नाजिम अली खान को अमरीन पत्नी हनीफ अपने साथ ले गई थी। उसे फोन पर सूचना मिली कि नाजिम को गोली मार दी है। पुलिस ने इस मामले में अमरीन व राधेश्याम शुक्ला के विरुद्ध धारा-302, 120 बी व 25 आम्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया।मामले में वाजिद अली ने कोर्ट में बयान दर्ज कराया कि अमरीन व नाजिम के अवैध संबंध थे। पुलिस विवेचना में पता चला कि राधेश्याम व अमरीन के बीच संबंध बन रहे थे, जबकि नाजिम के साथ अमरीन के अवैध संबंध थे। जब नाजिम ने दूसरी लड़की के साथ शादी कर ली तो अमरीन को यह पसंद नहीं आया। तत्कालीन एसओ कैलाश जोशी की विवेचना के अनुसार तय साजिश के तहत दो जनवरी 2020 को दोपहर ढाई बजे अमरीन, नाजिम को अपने साथ भीमताल घुमाने ले गई और पीछे से राधेश्याम शुक्ला बाइक से आया। तीनों लोग जब हेयर पिन मोड़ के पास पहुंचे तो राधेश्याम ने अपने साथ लाए तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी और उसके घरवालों को बताया कि नाजिम का एक्सीडेंट हो गया है। डीजीसी फौजदारी सुशील कुमार शर्मा की ओर से इस मामले में 17 गवाह तथा सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर, घटनास्थल पर अभियुक्त राधेश्याम की ओर से खींचा गया उसका फोटो पेश किया।

# 4 जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति, 2 स्थायी प्रमाण पत्र निरस्त

गदरपुर। जिलाधिकारी महोदय ऊधमसिंहनगर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में तहसील गदरपुर में विगत तीन वर्षों के दौरान जारी किए गए जाति एवं स्थायी प्रमाण पत्रों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान कुल 221 प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए, जिन पर संबंधित आवेदकों को नोटिस जारी कर साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।जांच एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत 4 जाति प्रमाण पत्रों को निरस्तीकरण हेतु जिला स्क्रूटिनी कमेटी को प्रेषित किया गया। वहीं 19 स्थायी प्रमाण पत्रों को भी संदिग्ध पाए जाने पर नोटिस जारी कर प्रमाण पत्रों से संबंधित साक्ष्य मांगे गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनमें से 2 स्थायी प्रमाण पत्रों के संबंध में कोई भी वैध साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिनमें श्री सोनू रस्तोगी पुत्र रामपाल रस्तोगी, ग्राम भागपुरी चक्कीमोड़, ग्राम कूल्हा तथा कुमारी शालू पुत्री हुकमचंद, ग्राम सकैनिया शामिल हैं। दोनों आवेदकों द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया कि उक्त स्थायी प्रमाण पत्र गलत एवं कूटरचित तथ्यों के आधार पर जारी कराए गए थे। तहसीलदार गदरपुर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति की आख्या के आधार पर उपजिलाधिकारी गदरपुर द्वारा आज दोनों स्थायी प्रमाण पत्रों को निरस्त कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निरस्त किए गए प्रमाण पत्रों का कहीं भी उपयोग किया जाना अवैध माना जाएगा तथा ऐसा पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सुसंगत विधिक कार्रवाई की जाएगी। शासन की इस कार्रवाई से फर्जी प्रमाण पत्रों के विरुद्ध सख्त संदेश गया है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाने की बात कही गई।

# राजस्व विभाग की टीम ने 15 साल पुराने अतिक्रमण को हटाया

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में जिले में अवैध अतिक्रमण को लगातार हटाया जा रहा है। सोमवार को उपजिलाधिकारी कालाढूंगी बिपिन चंद्र पंत के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने कोटाबाग में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा 15 साल से अवैध रूप से काबिज 15 फड़, खोखे, टीनशेड को हटाया गया, उपजिलाधिकारी कालाढूंगी द्वारा बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, कोटाबाग बाजार से शेष अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु कल भी अभियान जारी रहेगा। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक मनोज उप्रेती आदि मौजूद रहे।



# समान नागरिक संहिता के प्रचार-प्रसार हेतु प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।समान नागरिक संहिता के प्रचार-प्रसार तथा 10 मार्च 2010 से वर्तमान तक संपन्न विवाहों के पंजीकरण एवं यूसीसी के अन्य प्राविधानों के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से दिनांक 23 दिसंबर 2025 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, हल्द्वानी में जनपद स्तरीय साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी, जबकि मंडलीय अपर निदेशक, कुमाऊं मण्डल माध्यमिक शिक्षा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर जनपद के समस्त विकास खंडों में आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएँ प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं समाज में समान नागरिक संहिता के विधिक, सामाजिक एवं संवैधानिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण सत्र 1:00 बजे अपराह्न में होगा।

# बहुद्देशीय शिविर में 19 ग्राम सभाओं के लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

## विधायक बंशीधर भगत ने समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।राज्य सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड हल्द्वानी के राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में एक वृहद बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फूलचौड़ क्षेत्र की लगभग 19 ग्राम सभाओं सहित आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आमजन ने प्रतिभाग कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 23 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं।शिविर के दौरान लोगों ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायत विधायक के समक्ष रखी। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को दस दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समाधान न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं, क्षेत्र के काश्तकारों ने जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या उठाई, जिस पर विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को सोलर फेंसिंग लगाए जाने के निर्देश दिए।पशुपालकों ने अपने पशुओं का टीकाकरण न होने की शिकायत की, जिस पर पशु चिकित्साधिकारी को रोस्टर बनाकर प्रत्येक गांव में नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त शिविर में विद्युत, सिंचाई, पूर्ति, श्रम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, उद्योग, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी, कौशल विकास और सेवायोजन विभागों से संबंधित अनेक समस्याएं सामने आईं, जिनका अधिकांश समाधान मौके पर ही किया गया।शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा विभागवार सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा 37 लोगों की बीपी, शुगर और नेत्र जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। आयुर्वेदिक विभाग ने 32 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरित की, जबकि होम्योपैथिक विभाग द्वारा 68 लोगों को दवाइयां दी गईं। पशुपालन विभाग ने सात पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा दी और 39 लोगों को पशु औषधियां उपलब्ध कराईं। विद्युत विभाग द्वारा पांच उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन किया गया। समाज कल्याण विभाग ने पेंशन योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराए। पंचायती राज विभाग द्वारा जन्म-मृत्यु एवं परिवार रजिस्टर में 17 लोगों का अंकन किया गया।शिविर में कुल 36 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से पेयजल, सिंचाई, नगर क्षेत्र की समस्याएं, आंतरिक सड़कों का सुधार, जंगली जानवरों से फसल नुकसान और पशुओं के टीकाकरण से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता निगलटिया, सोनी दुर्गापाल, भूपेंद्र क्वीरा, ग्राम प्रधान अर्चना विष्ट, अनीता बिष्ट, भावना नेगी, निशा कुलियाल, मोहन पाठक, ललित मोहन नेगी, नवीन चंद्र दुर्गापाल, कृपाल सिंह, मनीष सिंह कुलियाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।








# महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्थानीय सुशासन को और अधिक सशक्त, समावेशी एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से बदलाव का नेतृत्व: स्थानीय सुशासन और उसके परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना विषय पर पंचायतीराज निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण के उपरान्त कुमायूँ मण्डल का चार दिवसीय (दिनांक 22 से 25 दिसम्बर 2025) जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारम्भ जिला पंचायत कार्यालय में हुआ। पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सभागार में 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से कुमांऊ मण्डल के निर्वाचित प्रतिनिधियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे कि निर्वाचित महिलाएं स्वयं गांव स्तर पर कार्ययोजना बनाकर विभिन्न विकास कार्य को करा सकें। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम पंचायत बनाये जाने का प्रयास किये जाने हेतु प्रेरित किया।जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल द्वारा बताया गया कि बदलाव का नेतृत्व, महिलाओं का सशक्तीकरण, प्रधान पतियों के हस्तक्षेप की प्रथा को समाप्ति हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान के परिवारजनों का प्रधान के कार्य सम्पादन में हस्तक्षेप किया जाना 73 वें संविधान संशोधन के अनुरूप नहीं है।एस0पी0आर0सी0 टीम, निदेशालय पंचायतीराज, उत्तराखण्ड देहरादून सुबोध भण्डारी, द्वारा बताया गया कि प्रधानपतियों के वर्चस्व, दबदबे के सम्बन्ध में महिला प्रतिनिधियों को जागरूक किया जाये कि जनता द्वारा आपको चुना गया है। साथ ही इस 04 दिवसीय प्रशिक्षण में व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु अवगत कराया गया।जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व कौशल, संवाद क्षमता, संवैधानिक समझ तथा स्थानीय प्रशासन के संचालन की दक्षता को सुदृढ़ करने पर विशेष अभियान के अन्तर्गत इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 37 प्रतिभागियों के रूप में ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सम्मिलित रहे। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कुमायूँ मण्डल के 9 हजार से अधिक महिला पंचायत प्रतिनिधियों को वयस्क शिक्षा सिद्धांत, संचार की कला, नेतृत्व एवं प्रभाव, प्रशिक्षण तकनीक, जेंडर एवं पितृसत्ता की अवधारणा, 73 वां संविधान संशोधन, पंचायतीराज व्यवस्था, विभिन्न हितधारकों की मैपिंग, फंड फंक्शन फंक्शनरी, ग्राम सभा की प्रक्रिया तथा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की भूमिका एवं दायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है जिसको प्रशिक्षित करने हेतु जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात इन ट्रेनर्स द्वारा कुमायूँ मण्डल के महिला जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, श्री भट्ट, एसपीआसी टीम देहरादून के प्रतिनिधि, कुमाऊ मंडल के महिला ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# 2442 लोगों ने लिया शिविर का लाभ

बाजपुर(उद संवाददाता)।जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सोमवार को उपजिलाधिकारी बाजपुर की अध्यक्षता में बाजपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत बरहैनी के प्रगतिशील जूनियर हाईस्कूल बरहैनी में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ।उपजिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया।शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई।शिविर में लगभग 2442 लोगो ने लाभ लिया। शिविर में कुल 677 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पशुपालन हेतु 2 लाख की धनराशि का ऋण वितरित की गई तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज 25, विरासतन दर्ज 20 तथा 30 आयुष्मान कार्ड, 38 स्थायी निवास प्रमाण पत्र, 51 जाति प्रमाण पत्र, 25 आय प्रमाण पत्र, 35 हैसियत,12 चरित्र, 5 परिवार रजिस्टर नकल, महालक्ष्मी कीट,मात्र बंदना योजना के 27,नंदा गौरा योजना के 95 फार्म ऑन लाइन किए गए। जन्म मृत्यु पंजीकरण /परिवार रजिस्टर प्रमाण पत्र 45 तथा 3 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। श्रम विभाग द्वारा 15 श्रम कार्ड बनाए,20 लाभार्थियों को टूल कीट, 20 कंबल,20 छाता,पूर्ति विभाग द्वारा 18 राशन कार्ड ,04 उज्ज्वल गैस कनैक्शन वितरित किए गए तथा शिविर में चार आधार मशीनें लगाकर 148 आधार कार्ड अपग्रेड व नए ऑन लाइन किए गए। शिविर में दर्जा मंत्री दीपक मेहरा, मंजीत सिंह राजू, प्रधान हरसान अशोक पंत,मनप्रीत, कौर,सुखदेव सिंह नामधारी,नारायण पाल, वीरेन्द्र सिंह बिष्ट,टिक्कू यादव, डी के सिंह,भूमि संरक्षण अधिकारी कल्याण सिंह,खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ,सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





# ड्यूटी से लौटते बैंक कर्मी की कार बनी आग का गोला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोमवार की सायं किच्छा से बैंक ड्यूटी समाप्त कर घर वापिस लौट रहे बैंक कर्मी की कार मार्ग में गौलापार बाईपास रोड स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के पास अचानक धू-धूकर जलकर आग का गोला बन गई। हालांकि इस दौरान चालक बैंक कर्मी ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार काठगोदाम निवासी उत्तराखंड अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, किच्छा कार्यरत त्रिभुवन पंत की कार का छह माह पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। जिसके बाद उन्होंने वाहन को मरम्मत के लिए शोरूम में दिया गया था। रविवार को ही कार मरम्मत के बाद उन्हें वापस मिली थी। सोमवार सुबह त्रिभुवन पंत कार से किच्छा बैंक ड्यूटी पर गए थे। शाम करीब सात बजे जब वह वापस हल्द्वानी लौट रहे थे, तभी गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास उनकी कार से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थिति भांपते हुए उन्होंने तुरंत कार रोककर बाहर छलांग लगा दी। कुछ ही पलों में कार में भीषण आग लग गई, जिसने देखते-देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के समय स्टेडियम में राष्ट्रीय जू-जित्सु प्रतियोगिता चल रही थी। कार में आग लगते ही खिलाड़ी और उनके अभिभावक भी बाहर निकल आए। बीच सड़क पर कार धधकने से गौलापार बाईपास रोड पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि चालक पूरी तरह सुरक्षित है और उसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। कार में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



# नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रविवार को देहरादून स्थित राजीव भवन में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी पूनम पंडित का भव्य स्वागत किया। यह पूनम पंडित का देहरादून में पहला आगमन था।इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने उन्हें गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, महासचिव सुनीता कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक, नैनीताल महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष खस्टी बिष्ट और काशीपुर जिला अध्यक्ष पूजा सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी कार्यक्रम में मौजूद थे।श्रीमती मीना शर्मा ने नवनियुक्त प्रभारी पूनम पंडित को पगड़ी पहनाकर और शाल ओढ़ाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस मौके को उत्साहपूर्ण और यादगार बनाया।



# अतिकुपोषित बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। विकासखंड गदरपुर के सभागार में अतिकुपोषित बच्चों के उपचार एवं देखभाल हेतु एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कुपोषण से जूझ रहे बच्चों की पहचान कर उन्हें समयबद्ध चिकित्सा, पोषण परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना रहा।शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा कि कुपोषण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने बताया कि इस चुनौती से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिकित्सा विभाग) एवं महिला सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त प्रयासों से बच्चों की पहचान कर अभिभावकों को पुष्टाहार के प्रति जागरूक किया जाता है तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व उपचार प्रदान किया जाता है।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार ने अतिकुपोषित बच्चों में एनीमिया की गंभीर समस्या पर प्रकाश डालते हुए समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार द्वारा बच्चों की विस्तृत चिकित्सकीय जांच की गई।जिला अस्पताल रुद्रपुर से आईं डाइटिशियन डॉ. अंशुल ने अभिभावकों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी तथा प्रत्येक बच्चे के लिए व्यक्तिगत डाइट चार्ट भी उपलब्ध कराया, जिससे घर पर पोषण संबंधी देखभाल बेहतर ढंग से की जा सके।कार्यक्रम का संयोजन महिला एवं सशक्तिकरण विभाग, गदरपुर की सीडीपीओ श्रीमती बीना भंडारी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर श्रीमती भारती साहू, श्रीमती गोविंदी, श्रीमती दर्शो राणा सहित कोऑर्डिनेटर सीमा कालरा, एबीपी फेलो लता पांडे एवं पारुल, क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों एवं आशा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम का समापन करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ज्योति ग्रोवर ने कहा कि गदरपुर एक विशेष आकांक्षी ब्लॉक है, इसलिए स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के उन्मूलन हेतु इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जनसमुदाय से अपील की कि वे समय- समय पर विशेषज्ञों से परामर्श लेते रहें, ताकि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।



# मनरेगा कानून को कमजोर करने के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने मोदी सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर करने के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया।ज्ञापन में लिखा गया कि यह बेहद खेद का विषय है कि हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा और सलाह-मशविरे के बिना ही केंद्र सरकार गुपचुप तरीके से संसद में मनरेगा को खघ्त्म करके वी बी- ग्राम जी विधेयक लायी, उसे पारित करवाया और अब उस पर महामहिम राष्ट्रपति की मोहर लगवा कर कानून भी बनवा दिया गया है।एक मांग आधारित काम की योजना, जिसमें काम के अधिकार की गारंटी थी, उसे खघ्त्म करके एक ऐसी योजना लायी गयी है, जिसका सबसे पहला शिकार काम का अधिकार ही है।देश में किसान, खेत मजदूर और नागरिक संगठन लगातार यह मांग कर रहे थे कि मनरेगा को कृषि कार्यों से जोड़ा जाए, लेकिन मनरेगा को खत्म करके लायी गयी इस नयी योजना में खेती-किसानों के सीजन में 60 दिन तक योजना को बंद रखने का प्रावधान करके खेत मजदूरों को रोजगार हीनता और शोषण की तरफ धकेलना ही है। वी बी-ग्राम जी के नाम से जो कानून पास करवाया गया है, वह सब कुछ केंद्र के पास केन्द्रित करने की भाजपा सरकार की एक और कोशिश है। यह ऐसा कानून बनाया गया है, जिसमें जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण राज्यों को कर दिया गया है, लेकिन अधिकार पूरी तरह केंद्र सरकार के हाथों में केंद्रीकृत रहेंगे। पहले से ही कमजोर आर्थिक स्थिति झेल रहे राज्यों पर इस योजना में 40 प्रतिशत बजट अंश लाद दिया गया है, जो एक तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार देने से सरकार का कदम पीछे खींचने जैसा ही है।यह मोदी सरकार की प्रवृत्ति है कि वह योजनाओं को जनहित के लिए नहीं बल्कि अपने क्षुद्र सांप्रदायिक और भाषाई वर्चस्व थोपने के औजार के तौर पर इस्तेमाल करती है, ऐसा ही इस योजना के नाम में भी किया गया है। हम यह मांग करते हैं कि काम के अधिकार पर हमला करने वाली, देश के संघीय ढांचे की अवहेलना करने वाली, क्षुद्र सांप्रदायिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कानून के रूप में लायी गयी इस योजना को रद्द किया जाए। मनरेगा को ही जरुरी सुधारों के साथ लागू किया जाए, 200 दिन काम और 600 रुपया प्रतिदिन मजदूरी की गारंटी की जाए।ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जिला सचिव ललित मटियाली, उत्तम दास, विजय शर्मा, नरेश कुमार थे।



# शीत लहर में पालिका ने जलाएं अलाव, लोगों को मिली राहत

सितारगंज(उद संवाददाता)।हाड़ कंपाती ठंड में नगर पालिका प्रशासन शहर के शहर के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाएं। जिससे कड़ाके की ठंड में लोगों ने राहत की सांस ली। ंगलवार को शहर को कोहरे की चादर ने पूरी तरह ढक दिया हैं। कड़ाके की ठंड में नगर पालिका प्रशासन ने शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए। इसके बाद सफाई नायक विनय वाल्मीकि ने मुख्य चौक, तहसील परिसर आदि मुख्य स्थान पर अलाव की व्यवस्था की। इससे राहगीरों बुजुर्गों को कड़ाके की ठंड में राहत मिली।






# जैन ग्लोबल स्कूल में स्काउट गाइड शिविर आयोजित किया

रूद्रपुर । जैन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्काउट-गाइड शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शिविर प्रवेशिका, कोमल पद एवं ध्रुव पद के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन हिंदुस्तान स्काउट गाइड्स के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना रहा। शिविर के दौरान बच्चों को स्काउटख्रगाइड की प्रतिज्ञा, नियम, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, गांठ बाँधना, तंबू लगाना तथा स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को टीम वर्क, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना सिखाई गई। इस शिविर का संचालन जिला ऑर्गेनाइजर कमिश्नर वैभव गौड़ के कुशल निर्देशन में किया गया, जिनके मार्गदर्शन से शिविर अनुशासित एवं प्रभावशाली रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने हिंदुस्तान स्काउट गाइड्स, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



# सीएम ने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के लिए की कई घोषणाएं

## मुख्यमंत्री ने किया 77.25 करोड़ रुपये की 32 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत सोमवार को अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत में आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय जनता से संवाद करने के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। इस शिविर में पात्र लोगों को सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जिले की लगभग 77.25 करोड़ रुपये की लागत की 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें रू. 47.85 करोड़ की लागत की 9 योजनाओं का शिलान्यास तथा रू. 29.40 करोड़ की लागत की 23 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की।मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं में विकासखण्ड भिकियासैंण में गगास नदी तथा रामगंगा नदी पर तटबन्ध निर्माण एवं पैदल पथ के नव निर्माण कराने सहित देवलीखेत, चौनलिया, खिरखेत एवं भुजान स्थित राजकीय इंटर कॉलेजों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कराने, सनणा सिंचाई लिफ्टिंग योजना का उच्चीकरण करने, रानीखेत में एनसीसी ग्राउंड/स्टेडियम के निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने, रानीखेत स्थित रानीझील के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराने, रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत हैलीपैड निर्माण कराने की घोषणा सम्मिलित हैं।शिविर में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रशासन से जुड़े सभी कार्य और सेवाएँ जनता को उनके ही क्षेत्र में सुलभ कराने हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए सरकार की अधिकांश सेवाओं को ऑनलाइन करने के साथ ही समय-समय पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन कर जनता की समस्याओं को मौके पर ही त्वरित समाधान भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। सरकार ने "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान शुरू कर शासन- प्रशासन को सीधे आमजन के बीच ले जाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं और सुझावों को नि:संकोच साझा करें, ताकि शासन- प्रशासन उन्हें शीघ्र और प्रभावी ढंग से सुलझा सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। सरकार देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के भी पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के आध्यात्मिकता एवं पावनता को संरक्षित रखने के लिए सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ों से पलायन को रोकने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु ठोस कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रतिबद्ध प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पलायन निवारण आयोग की सर्वे रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में मातृशक्ति के कल्याण के लिए भी समर्पित होकर कार्य कर रही है। हर क्षेत्र में की महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कर सरकारी सेवाओं में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कारगर कदम उठाए गए हैं। राज्य की 1 लाख 68 हजार से अधिक बहनों ने "लखपति दीदी" बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में नया इतिहास रचा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 17 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से भवानी देवी पेयजल योजना तथा 5 करोड़ रुपये की लागत से भतरौजखान रामगंगा पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री श्री अजय टमटा, क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, दायित्वधारी कैलाश पंत, अनिल शाही, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती बबली मेहरा, जिलाधिकारी श्री अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी श्री रामजीशरण शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम भट्ट भी उपस्थित रहे।





# पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ :गैरोला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष (राज्य स्तरीय) बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ज्योति प्रसाद गैरोला ने सोमवार को जिला सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उपाध्यक्ष द्वारा बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में जारी रैंकिग में डी क्षेणी में आये मदों, हर घर जल, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, पी0एम0जी0एस0वाई0 के सम्बन्धित अधिकारियों से डी श्रेणी आने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों को डी श्रेणी की मदों को ए श्रेणी में लाने हेतु निदेशित किया गया। उन्होने इसी तरह बी तथा सी श्रेणी प्राप्त मदों से सम्बन्धित अधिकारियों को भी ए श्रेणी प्राप्त करने हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ग्रामीण स्तर पर जाकर लोगों को योजनओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि कभी-कभी पात्र व्यक्ति योजनाओं की जानकारी न होने के कारण लाभ नही ले पाते है। इसलिए विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाये। उपाध्यक्ष ने समस्त अधिकारियों को सभी मदों में ''ए'' श्रेणी प्राप्त करने तथा जनपद को गत वर्ष की भाँति ही प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये।। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमन्त्री मातृ वन्दन योजना के अन्तर्गत दो मदों में जनपद में मानक से अधिक लक्ष्य होने से रैंकिग प्रभावित हुई है। उन्होने बताया कि प्रधानमन्त्री मातृ वन्दन योजना की मद में शासन को लक्ष्य कम करने हेतु पत्राचार किया गया है। उन्होने विश्वस दिलाया कि बैठक में जो निर्देश दिये गये है उनका शतप्रतिशत पालन करते हुए जनपद को बीस सूत्री कार्यक्रम में जनपद को ए श्रेणी में लाया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता पेयजल खटीमा द्वारा अवगत कराया गया कि हर-घर जल योजना में शासन से पूर्ण हुये कार्यों की धनराशि अवमुक्त होने के उपरांत हम इस मद में ए श्रेणी रैंकिंग प्राप्त कर लेगें। अधिशासी अभियन्ता, पीएमजीएसवाई, द्वारा अवगत कराया गया कि पीएमजी एसवाई मद में माह मार्च, 2026 में कार्य कराते हुए ए श्रेणी प्राप्त कर लिया जाएगा। बैठक के उपरांत मा0 उपाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत भमरौला में पहुंचकर स्थानीय लोगों से संवाद कर सरकार द्वार चलायी जा रही जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होने कहा कि जन जन की सरकार- जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत न्यायपंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा। उन्होने कहा कि शिविर में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाये। इस दौरान ग्राम प्रधान गौसिया रहमान ने क्षेत्र में कराये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में संयुक्त निदेशक, अर्थ एवं संख्या, बीस सूत्री कार्यकम, देहरादून, टी0एस0अन्ना, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 के0के0 अग्रवाल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, प्रभारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रीति चोपडा, अपर सांख्यकी अधिकारी देहरादून अरविन्द सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, लघु सिचाई सुशील कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल आदि मौजूद थे।





# रूक्मी से युद्ध जीत श्रीकृष्ण ने किया रूक्मिणी से विवाह

## कथा सुन श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे सैकड़ों श्रद्धालु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन पूज्य स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि आज की कथा में भगवान कृष्ण और विदर्भराज भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी के प्रेम और विवाह की पौराणिक गाथा है, जिसमें रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह तय कर दिया, जिस पर रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर उनसे अपनी सखी के माध्यम से सहायता माँगी श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर लिया और रुक्मी से युद्ध कर विजय प्राप्त कर द्वारका में विधि-विधान से विवाह संपन्न किया। उन्होंने बताया कि यह कथा भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी अत्यंत रूपवान, बुद्धिमान और भगवान विष्णु (श्रीकृष्ण) की अनन्य भक्त थीं। बचपन से ही उन्होंने श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में स्वीकार कर लिया था। रुक्मिणी के भाई रुक्मी, श्रीकृष्ण से शत्रुता रखते थे और उनका विवाह शिशुपाल जो श्रीकृष्ण के विरोधी थे से तय कर दिया। इस विवाह से दुःखी होकर, रुक्मिणी ने अपनी सखी के हाथ श्रीकृष्ण को एक प्रेम पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने अपनी व्यथा बताई और उनसे आकर उनका उद्धार करने का आग्रह किया। संदेश मिलते ही श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे। विवाह के दिन, जब शिशुपाल बारात लेकर आया, उसी समय श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया और अपने रथ में बिठाकर द्वारका ले जाने लगे। रुक्मिणी के भाई रुक्मी ने सैनिकों सहित श्रीकृष्ण का पीछा किया। श्रीकृष्ण और रुक्मी के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें श्रीकृष्ण विजयी हुए. रुक्मिणी के अनुरोध पर श्रीकृष्ण ने रुक्मी के बाल और मूंछें मुंडवाकर छोड़ दिया। श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका पहुंचे। वहां सभी देवताओं और ऋषियों की उपस्थिति में ब्रह्माजी के द्वारा वैदिक रीति से श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का शुभ विवाह संपन्न हुआ। स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि यह कथा श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के शाश्वत प्रेम और धर्म-स्थापना का प्रतीक है, जिसमें रुक्मिणी को लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। इससे पूर्व कथा के यजमान प्रवेश साहनी के परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा सुनाए गए भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़, बीना बेहड़,अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, विजय विरमानी, रोहिताश बत्रा, नन्दलाल भुड्डी, अमित अरोरा बॉबी, राकेश राजदेव, तन्नू साहनी, गौतम साहनी, मीनक्षी साहनी, हुनर साहनी, देवन साहनी, बंटी ग्रोवर, नरेश शर्मा, तिलक घई, सुरेश बब्बर, रमेश मिड्ढा, शशि अरोरा, राज वर्मा, पिंकी ग्रोवर, सीमा जुनेजा, किरन जग्गा, अश्विनी जुनेजा, राकेश सुखीजा, संदीप धीर, राजेन्द्र खनीजो, दीपक गुगलानी, सचिन मुजाल, पवन गाबा, यमन बब्बर, संजय जुनेजा, कृष्ण लाल नारंग, अशोक भल्ला, सुदेश मिढ्ढा, अश्वनी बजाज, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, गौरव बेहड़, राजकुमार खनीजो, अशोक भल्ला, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, आकांक्षा अनेजा, बीना बत्रा, सीमा जुनेजा आदि मौजूद थे।






SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# साइकिलिंग में ओलंपिक मेडल को बनाएं लक्ष्य : रेखा

## खेल मंत्री ने नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह





रुद्रपुर। रुद्रपुर स्थित शिवालिक वेलोड्रोम में आयोजित 77वी सीनियर, 54वी जूनियर और 40वी सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप में पहुंचकर खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को साइकिलिस्टों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में देश भर के लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 600 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि साइकिलिंग वेलोड्रोम के बनने के बाद अब यह उम्मीद की जा सकती है कि उत्तराखंड जल्द ही साइकिलिंग की नर्सरी के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान प्रदेश में जो खेल ढांचा विकसित किया गया है उसमें साइकलिंग वेलोड्रोम सबसे अहम है। खेल मंत्री ने कहा कि आमतौर पर नेशनल गेम्स में ज्यादातर राज्यों को साइकिलिंग का आयोजन दूसरे प्रदेशों में करना पड़ता है क्योंकि यह सुविधा देश के कुछ चुनिंदा राज्यों में ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी नियमित रूप से यहां आकर अभ्यास करें, जिससे वें 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम और 2036 के ओलंपिक में पदक के दावेदार बन सके। इस अवसर पर साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ओंकार सिंह, सचिव मनिंदर पाल सिंह, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी, उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव देवेश पांडे, जिला अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा, विजय पाठक आदि उपस्थित रहे।

# तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों और सहायक ग्राम विकास अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और



तंबाकू/धूम्रपान से होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की, ताकि हम इसके दुष्प्रभावों को कम कर सकें।इसके साथ ही, तंबाकू, खैनी, और गुटखा के सेवन से होने वाले गंभीर रोगों के बारे में जानकारी दी गई और ग्राम स्तर पर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर कॉन्सलर दशमेश कौर, डॉ. संतोष पाण्डेय, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्या समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 8-20 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

नानकमत्ता। जनपद ऊधम सिंह नगर में नशा तस्करी और वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों पर पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित अभियान के अंतर्गत जिले भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 21 दिसंबर 2025 को थाना नानकमत्ता पुलिस टीम द्वारा नियमित चेकिंग के दौरान नानकमत्ता बैराज से आगे तिराहे के पास से लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त संदीप सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक पारदर्शी प्लास्टिक पन्नी में रखी 08.20 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसका शुद्ध वजन 07.75 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही स्मैक के परिवहन



में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त संदीप सिंह उर्फ सन्नी, पुत्र संतोख सिंह, निवासी कल्याणपुर, थाना नानकमत्ता, जनपद ऊधम सिंह नगर, उम्र 22 वर्ष, पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में वांछित रहा है। स्मैक की बरामदगी के आधार पर थाना नानकमत्ता में मु0 एफआईआर संख्या 221/2025 धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह कार्रवाई उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार पंत, चौकी प्रभारी प्रतापपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें कांस्टेबल राजकुवर बोरा और कां. गिरीश चंद्र शामिल रहे।

# 31वीं वाहिनी में पर्यावरण मित्रों के साथ 'सहभोज' आयोजित



रुद्रपुर। 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में सोमवार को प्रेरणादायक और आत्मीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाहिनी के सेनानायक यशवंत सिंह चौहान द्वारा परिसर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने वाले पीएसी के कर्मठ 'पर्यावरण मित्रों' के सम्मान में 'सहभोज' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेनानायक ने न केवल पर्यावरण मित्रों के साथ बैठकर भोजन किया, बल्कि उनके उत्साहवर्धन हेतु उनके कार्यों की सराहना भी की। यह आयोजन केवल एक भोजन मात्र नहीं था, बल्कि उन हाथों के प्रति मनोबल ऊंचा व्यक्त करने का एक जरिया था जो हमारे परिवेश को स्वच्छ और स्वस्थ रखते हैं। भोजन के दौरान सेनानायक यशवन्त सिंह चौहान ने पर्यावरण मित्रों से सीधा संवाद कर उनके व्यक्तिगत एवं कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को जाना और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण मित्रों के भीतर उच्च मनोबल की भावना जागृत करना और उन्हें यह महसूस कराना था कि उनकी वाहिनी परिसर में एक अभिन्न विशिष्ट सेवा हैं। स्वच्छता के इन प्रहरियों का मनोबल बढ़ाने हेतु की गई यह मानवीय पहल वाहिनी में संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश करती है। इस अवसर पर उप सेनानायक मिथिलेश सिंह, शिविरपाल राकेश माहरा, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, एस0 क्यू0एम0 उमेश कुमार सोनकर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

दिनेशपुर( उद संवाददाता)।बांग्लादेश में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में भाजपाईओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री युनुस का पुतला फूंका। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल के नेतृत्व में सुभाष चौक पर लोग एकत्र हुए। उन्होंने बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में नारेबाजी की। वक्ताओं ने



कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार चरम पर पहुंच गया है और बांग्लादेश सरकार हिन्दुओं की रक्षा करने में विफल साबित हुई है। पुतला फूंकने वालो में मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु सरकार, चन्दननगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास मंडल,बजरंगदल के खंड सयोंजक पकंज चक्रवर्ती, विशाल मंडल खंड मंत्री विश्व हिन्दु परिषद, पूर्व नगरपंचायत वार्ड 9 सभासद गोबिंद मंडल, विमल मंडल, मृत्युंजय विश्वास आदि शामिल रहे।

# खेड़ा मुख्य मार्ग से जल्द हटेगा अतिक्रमण,सड़क का होगा चौड़ीकरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि खेड़ा बस्ती को जाने वाले मुख्य मार्ग से जल्द ही अतिक्रमण हटाकर इसे चौड़ा किया जाएगा। यह घोषणा उन्होंने खेड़ा बस्ती के संभ्रांत लोगों के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के दौरान की। महापौर ने जेई को मार्ग चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाने और अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के दिशा-निर्देश भी दिए।सोमवार को भाजपा संत कबीर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल के नेतृत्व में खेड़ा बस्ती के लोगों ने महापौर से उनके कार्यालय में मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य रूप से खेड़ा क्षेत्र के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि साई मंदिर, किच्छा बाईपास रोड से खेड़ा मेन रोड जो पाल आटा चक्की, इकराम किराना स्टोर, सुल्तान के घर और ईदगाह की दीवार के किनारे-किनारे होते हुए दूधिया मंदिर तक



जाती है, नगर निगम के मानचित्र में 9 मीटर चौड़ी अंकित है। लेकिन मार्ग पर लोग अतिक्रमण कर रोड को संकरा कर चुके हैं। इस कारण रोड पर हमेशा जाम रहता है और आने-जाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूल समय में बच्चों के आने-जाने में जाम अधिक होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।प्रतिनिधि मंडल ने याद दिलाया कि माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल के रिट पिटीशन संख्या 46/2023 दिनांक 10/05/2023 में भी इस मार्ग से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग का समय पर चौड़ीकरण न होने पर आवागमन, आपातकालीन सेवाओं और क्षेत्रवासियों की सुविधा प्रभावित हो रही है।महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि खेड़ा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने जेई को मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। महापौर ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण को लेकर पहले ही सख्ती बरत रहा है। मुख्य मार्गों ही नहीं बल्कि लिंक मार्गों और बस्तियों की प्रमुख सड़कों को भी अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान में नगर निगम जुटा हुआ है।महापौर ने कहा खेड़ा बस्ती की सड़क को लेकर मैंने पूर्व में जनता को आश्वस्त किया था। अब जल्द ही इस सड़क से अतिक्रमण हटाकर इसका चौड़ीकरण किया जाएगा ताकि जनता को राहत मिले। शहर की कई अन्य लिंक मार्गों को भी खाली कराया जाएगा।प्रतिनिधि मंडल में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा रामप्रकाश गुप्ता, चंद्रपाल, जितेंद्र मौर्य, विशाल गंगवार, डॉ. शिवचरण, ज्ञान चंद्र पाल, सोमपाल, अभिषेक, किशन पाल, शाहिद पत्रकार, महबूब अंसारी, मन्नू अंसारी, रोहित पाल, हिमांशु, सूरज, राजेश पाल, रचित गंगवार, जितेंद्र राजपूत सहित अन्य लोग शामिल थे।

# सांसद खेल महोत्सव में अजय भट्ट ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हल्द्वानी। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट ने प्रतिभाग किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांसद भट्ट ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव एक राष्ट्रव्यापी खेल आयोजन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और 'फिट इंडिया' अभियान को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेल





युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलता है। सांसद श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है और इस परिवर्तन में खेलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है। सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिंग क्लब एवं किंग क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें सिंग क्लब ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि किंग क्लब उपविजेता रहा। इस अवसर पर प्रभारी उपनिदेशक रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, वॉलीबॉल प्रशिक्षक श्याम मन्नू भट्ट, तनुजा आर्या, तिलोक सिंह जीना, निशांत मेहरा, लोकसभा खेलकूद महोत्सव 2025 के प्रभारी लक्ष्मण खाती, रवींद्र बाली, भुवन जोशी, राजीव जायसवाल, सुरेंद्र बिष्ट, हिमांशु मिश्रा, हीरालाल साहू सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं दर्शक मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रेल का महंगा सफर

भारतीय रेल को देश भर में कहीं आने-जाने के सबसे सुगम और अहम साधन के रूप में जाना जाता है। हर रोज लाखों लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसका सहारा लेते हैं। आए दिन सरकार गुणवत्ता के लिहाज से इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला बनाने के लिए कदम उठाने का दावा करती रहती है। मगर विचित्र यह है कि आज यात्रियों के लिए ट्रेन से सफर करना जहां एक दुस्वप्न बनता जा रहा है, वहीं सरकार जब चाहे, किराया बढ़ाने में कोई संकोच नहीं करती। हाल ही में ट्रेन में यात्री के सामान ले जाने पर वजन की सीमा लगा देने और तय वजन से ज्यादा ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाने के नियम लागू होने की खबर आई थी। अब भारतीय रेलवे ने छब्बीस दिसंबर से यात्री किराए में भी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। इसके तहत अब दो सौ पंद्रह किलोमीटर से ज्यादा के सफर के लिए किराया एक से दो पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया गया है। देखने में यह छोटी बढ़ोतरी लगती है, लेकिन इस इजाफे से सिर्फ अगले करीब तीन महीने में ही सरकार को लगभग छह सौ करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार कितनी सजग है। मगर शायद इस बात का ध्यान रखना कभी जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किराया बढ़ाने का औचित्य तभी साबित हो सकता है जब यात्रियों के लिए यह असुविधाजनक न हो। यह कोई छिपी हकीकत नहीं है कि पिछले कुछ समय से ट्रेन में सफर करना कई बार कितना त्रासद साबित हो रहा है। एक से दूसरे शहर या अपने घर जाने वाले लोग अगर ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो इसके लिए आरक्षित टिकट मिलना आसान नहीं रह गया है। अगर किसी व्यक्ति को हफ्ते या एक महीने पहले आरक्षित टिकट मिल जाए, तो उसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। बहुत ज्यादा सुविधाओं वाली कुछ महंगी ट्रेनों के बरक्स साधारण डिब्बों में सफर की मुश्किल की कल्पना करना भी मुश्किल है, जहां लोग निर्जीव सामान की तरह किसी तरह मरते-जीते जाते हैं। इसके अलावा, ट्रेन में सामान की चोरी से लेकर लूटपाट जैसी घटनाओं पर लगाम लगा पाना आज भी एक चुनौती है। फिर पिछले कुछ समय के दौरान ट्रेनों के पटरी से उतरने से लेकर अन्य स्वरूप में जिस तरह के हादसे हुए हैं, वे बताते हैं कि भारतीय रेल से कहीं जाना कितना सुरक्षित है। ऐसा लगता है कि अलग-अलग मद में पैसा बढ़ाने के लिए बजट या किसी औपचारिक मौके का इंतजार करने की परंपरा खत्म हो गई है और सरकार अपनी सुविधा के अनुसार जब जी चाहे, नया किराया तय कर देती है। दूसरी ओर, ट्रेनों की भारी कमी और यात्रियों को ले जाने की सीमा की वजह से रेलवे स्टेशनों पर लोगों की भीड़ बताती है कि ट्रेन से सफर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के सरकारी दावे की असलियत क्या है। विडंबना यह है कि अपनी सामान्य या नियमित आय में अतिरिक्त बढ़ोतरी के लिए ट्रेन का किराया बढ़ाने या अन्य प्रत्यक्ष और परोक्ष तरीकों के जरिए यात्रियों से ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर अति-सक्रिय रहने वाली सरकार की नजर में यात्री सुविधाएं कोई प्राथमिक सवाल नहीं हैं।

## मुक्तेश्वर राजकीय इंटर कॉलेज में इको ब्रिक निर्माण कार्यशाला आयोजित

मुक्तेश्वर(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज, मुक्तेश्वर में जिला गंगा समिति, नैनीताल एवं शिप्रा कल्याण समिति, भवाली के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु इको ब्रिक निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान भारी मात्रा में एकत्रित बेकार एवं अनुपयोगी प्लास्टिक को प्लास्टिक बोतलों में भरकर कुल 130 इको ब्रिक तैयार किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को इको ब्रिक बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया, इसके पर्यावरणीय लाभ तथा प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वयं इको ब्रिक बनाए। कार्यशाला में शिप्रा कल्याण समिति, भवाली के अध्यक्ष श्री जगदीश नेगी द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इको ब्रिक निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उनके द्वारा सरल एवं प्रभावी तरीके से प्लास्टिक अपशिष्ट के पुन: उपयोग की तकनीक



समझाई गई, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष/जिलाधिकारी, जिला गंगा समिति, नैनीताल के निर्देशन , सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति, नैनीताल श्री हिमांशु बागरी, प्रभागीय वनाधिकारी (वन्य) के कुशल नेतृत्व एवं जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति, नैनीताल श्री पीयूष तिवारी के समन्वय से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इको ब्रिक जैसी नवाचारपूर्ण पहल को समय की आवश्यकता बताया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा देना रहा। जिला गंगा समिति द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की जन-जागरूकता एवं सहभागितामूलक गतिविधियाँ निरंतर आयोजित किए जाने की योजना है, जिससे स्वच्छ गंगा निर्मल गंगा एवं स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# चाइना पीक ट्रैकिंग के साथ नैनीताल में विंटर कार्निवाल का भव्य आगाज

### तीस से अधिक युवाओं ने लिया ट्रैकिंग में हिस्सा, बर्ड वॉचिंग व क्लीनिंग ड्राइव से जुड़ा आयोजन



नैनीताल(उद संवाददाता)।पर्यटन नगरी नैनीताल में सोमवार से विंटर कार्निवाल की औपचारिक शुरुआत हो गई। जिला पर्यटन विकास विभाग की ओर से कार्निवाल का शुभारंभ टांकी बैंड से चाइना पीक तक आयोजित ट्रैकिंग कार्यक्रम के साथ किया गया, जिसमें 30 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।ट्रैकिंग को मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या एवं अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर युवाओं को ट्रैकिंग के साथ-साथ बर्ड वॉचिंग की जानकारी भी दी गई। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैकिंग और बर्ड वॉचिंग के साथ ही क्लीनिंग ड्राइव का भी आयोजन किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा सके।बर्ड वॉचिंग विशेषज्ञ जगजीवन धामी ने प्रतिभागियों को नैना बर्ड सेंचुरी की जानकारी दी और सर्दियों के मौसम में नैनीताल क्षेत्र में आने वाले प्रवासी पक्षियों के बारे में विस्तार से बताया। अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा यह एक छोटा ट्रैक आयोजित किया गया है, जो आगामी बड़े ट्रैकिंग आयोजनों की तैयारी का हिस्सा है। उन्होंने जानकारी दी कि 26 दिसंबर को बिरला चुंगी से कैंची धाम तक एक बड़े ट्रैकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि नैनीताल में छोटे स्वरूप में शुरू हुआ विंटर कार्निवाल अब धीरे-धीरे बड़ा रूप ले रहा है और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को प्रकृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि क्लीनिंग ड्राइव के दौरान सबसे अधिक कूड़ा एकत्र करने वाले वालंटियर को सम्मानित भी किया जाएगा।इसके साथ ही सोमवार से शहर में विंटर कार्निवाल का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। शहर की माल रोड में जलसा, लखिया भूत, छोलिया नृत्य जैसी पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा, जबकि शाम को स्टार नाइट कार्यक्रम के जरिए पर्यटकों और स्थानीय लोगों का मनोरंजन किया जाएगा।इस अवसर पर एसडीएम नवाजिश खलिक, ईओ रोहिताश शर्मा, पीसी मनराल, दयाकिशन पोखरिया, नितिन कार्की, पंकज भट्ट, दीपक मर्तोलिया सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।



# जवानी हम लुटा देंगे सुनो इस देश की खातिर..

### बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति ने आयोजित किया कवि सम्मेलन

रुद्रपुर।नगर निगम सभागार में बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा पाँचवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम मेयर विकास शर्मा एवं भाजयुवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में नेपाल से खिमानन्द बडू, रमेश पन्त 'मीतबन्धु', प्रजापति नेगी एवं हेमबाबू लेखक की गरिमामयी उपस्थिति रही, वहीं इंडोनेशिया से सुषमा श्रीवास्तव ने सहभागिता कर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। देश-विदेश से पहुँचे कवियों ने काव्य पाठ के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसके उत्थान का सार्थक संदेश दिया। स्थानीय कवियों ने भी अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं। संस्था के संस्थापक एवं संचालक बादल बाजपुरी ने देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्तियाँ प्रस्तुत



करते हुए कहा "जवानी हम लुटा देंगे सुनो इस देश की खातिर, मगर अपने तिरंगे को कभी झुकने नहीं देंगे।" वरिष्ठ कवि अशोक अंजाना (रुद्रपुर) ने पढ़ा-"शीत बढ़ने लगी, ताप घटने लगा,आदमी राम का नाम जपने लगा।"बागपत से आए कवि राहुल धमा ने अपनी गजल की पंक्तियाँ सुनाईं-"संगमरमर की एक मूरत हो,चाँद के जैसी खूबसूरत हो।" काव्य पाठ के उपरांत मेयर विकास शर्मा द्वारा लोक भाषा में सराहनीय कार्य करने हेतु जगमोहन सिंह 'जगमोरा' को पजल शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. राजविंदर कौर, सुशील शेलांचली, नीलेश निराला, नवीन आर्य, सूर्य प्रताप चौहान, रोहित तिवारी , सत्यार्थ दीक्षित, सपना कांबोज एवं अंकिता पंत को साहित्य शिरोमणि सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर विकास शर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिट्टू चौहान ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील बुड़ाकोटी ने की। मंच संचालन बादल बाजपुरी एवं नीलेश निराला ने संयुक्त रूप से किया। गौरतलब है कि बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति विगत पाँच वर्षों से निरंतर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है तथा अब तक तीन विश्व कीर्तिमान भी स्थापित कर चुकी है।

# असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चर्च सदस्य, बच्चे, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक प्रार्थना एवं स्तुति-आराधना से हुई। इसके पश्चात बच्चों , युवाओं और चर्च एल्डरस द्वारा क्रिसमस कैरल गीत, नाट्य प्रस्तुति (क्रिसमस प्ले) तथा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की घटना, उनके प्रेम, करुणा और मानवता के लिए दिए गए संदेश को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया। इस अवसर पर चर्च के पास्टर राजीव सक्सेना ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह उद्धारकर्ता के रूप में इस जमीन पर समस्त मानव जाति के लिए आए एवं



मुख्य वक्ता मुरादाबाद से आए पास्टर रवि सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल एक पर्व नहीं बल्कि मानवता को प्रेम, शांति, क्षमा और सेवा का संदेश देने का अवसर है। उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन से सीख लेते हुए समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सेवा भावना को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान देश, समाज और विश्व में शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही समाजसेवा, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ दी गई तथा आपसी मेल-मिलाप के साथ कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सांता क्लास द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च द्वारा आयोजित यह क्रिसमस सेलिब्रेशन सामाजिक सद्भाव, प्रेम और शांति का संदेश देने में सफल रहा। कार्यक्रम में आशुतोष जोसेफ, संजय पॉल, पास्टर हैप्पी विलियम, विक्की लाल, इयन आईवन, संजय सिंह, विपिन राव, आशीष, गेब्रियल, अंकुर मसीह, विवियन, विशु, प्रीतो, देवेंद्र धामी, सामर्थ एवं डॉक्टर गोपालिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें क्रिस्टीना, अनुग्रह जोसेफ, अमिता विलियम, शिखा, गीतिका सिंह आदि मौजूद रहीं।

# पत्रकार प्रेस परिषद के गुरदीप सितारगंज और अनिल नानकमत्ता तहसील अध्यक्ष बने

## प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने की घोषणा, एकजुटता का किया आहवान

सितारगंज। पत्रकार प्रेस परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बुध वार देर शाम सितारगंज में लोक निर्माण विभाग के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के उत्तराखंड अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए सितारगंज इकाई के अध्यक्ष पद पर गुरदीप सिंह तथा नानकमत्ता तहसील इकाई के अध्यक्ष पद पर अनिल सागर को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को दस दिनों के भीतर अपनी-अपनी कार्यकारिणी के गठन के निर्देश भी दिए गए।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी का उपस्थित पत्रकारों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश के संचालन में आयोजित इस बैठक में अशोक गुलाटी ने सभी पत्रकारों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान पत्रकारों की समस्याओं, उत्पीड़न, हित संरक्षण







और बदलते दौर की चुनौतियों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। अशोक गुलाटी ने नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की आवाज पहुंचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने जानकारी दी कि पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) का दो दिवसीय महाधिवेशन आगामी 21 और 22 जनवरी को नई दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री, साधु-संत, पूर्व सैनिक एवं देशभर से हजारों पत्रकार भाग लेंगे। बताया कि जनवरी से पत्रकारों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर फोर-व्हीलर से टोल टैक्स में छूट मिलेगी। साथ ही हेल्थ बीमा योजना, कल्याण कोष के अंतर्गत आकस्मिक स्थिति में परिवार को तत्काल सहायता तथा पहचान पत्र वितरण की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।अपने संबोधन में अशोक गुलाटी ने कहा हम और हमारे पत्रकार साथी अलग नहीं हैं। इसलिए संगठन से जुड़े पदाधिकारी 'मैं' नहीं, बल्कि 'हम' शब्द का प्रयोग करते हैं। सभी के स्नेह और विश्वास से ही यह संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही नवनियुक्त पदाधिकारियों की उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कराई जाएगी। साथ ही पत्रकारों से आह्वान किया कि वे गरीबों, मजदूरों और शोषित वर्ग की आवाज मजबूती से उठाएं और उत्पीड़न के मामलों में एकजुट होकर संघर्ष करें।नवनियुक्त अध्यक्ष गुरदीप सिंह एवं अनिल सागर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे, संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा निष्पक्ष, निर्भीक और ईमानदार पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। बैठक में गुरदीप सिंह, अनिल सागर, ओम प्रकाश, श्रीमती रिंपी, बलवंत सिंह, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी। समग्र शिक्षा के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय व्यावसायिक कौशल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंडों के 64 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से कुल 75 विद्यार्थियों ने अपने व्यावसायिक प्रशिक्षकों के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छह ट्रेड आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, ऑटोमोटिव, रिटेल, एग्रीकल्चर तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। आईटी ट्रेड में यश पाण्डेय (जीआईसी खैरना), एग्रीकल्चर में गौरव पड़ियार (जीआईसी फूलचौड़), टूरिज्म में मोहम्मद साद (पीएम श्री जीआईसी रामनगर), रिटेल में फराह (पीएम श्री जीजीआईसी रामनगर), ब्यूटी एंड वेलनेस में ज्योति वर्मा (पीएम श्री जीजीआईसी हल्द्वानी) तथा ऑटोमोटिव ट्रेड में अंश वर्मा (जीआईसी लालकुआँ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि गोविंद राम जायसवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल ने कहा कि



विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी दक्षता आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कौशल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का विकास होता है, जिससे भविष्य में उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र साह, सचिव, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यावसायिक कौशल से जुड़े मॉडलों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन गणेश चन्द्र पाण्डेय, प्रवक्ता, राजकीय इंटर कॉलेज मोतीनगर, हल्द्वानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के साथ पूरन तिवारी, मदन मोहन जोशी, अमित सनवाल, रविन्द्र तिवारी, संतोष कुमार, जितेश राय सहित समस्त बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित रहे।

# कॉमरेड पार्वती कोरंगा के निधन पर शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा माले की लंबे समय से सदस्य रही 65 वर्षीय कॉमरेड पार्वती कोरंगा निवासी पुराना खत्ता, बिंदुखत्ता अब नहीं रही। उनका निधन 22 दिसंबर की रात सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में हुआ। वो विगत कुछ दिनों से फेफड़ों में संक्रमण की बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थी। कॉमरेड पार्वती कोरंगा जनता और पार्टी द्वारा चलाए गए सभी आंदोलनों में खासतौर पर बिंदुखत्ता में चले जनसंघर्ष में सक्रियता से भागीदारी करती थीं। भाकपा माले नैनीताल जिला कमेटी ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। कॉमरेड पार्वती कोरंगा को पार्टी का लाल झंडा उढ़ाकर लाल सलाम के नारों के साथ अंतिम विदाई दी गयी। अंतिम यात्रा में उनके परिजनों के साथ भाकपा माले के वरिष्ठ नेता



बहादुर सिंह जंगी, जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय, पुष्कर दुबड़िया, ललित मटियाली, विमला रौथाण, आनंद सिंह सिजवाली, किशन बघरी, धीरज कुमार, निर्मला शाही, प्रभात पाल, अंबा दत्त बसखेती, आनंद दानू, ललित जोशी, अनीता अन्ना, उत्तम दास, किशन जग्गी आदि समेत बड़ी संख्या पार्टी सदस्य और अन्य लोग शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**हरदा ने भाजपा की पोस्ट ..**राजनीति नहीं की जा सकती, लेकिन भाजपा समाज को बांटकर चुनाव जीतने की कोशिश करती है। हरीश रावत ने कहा, "यदि कोई सैद्धांतिक विरोध करता है तो उसे देशद्रोही कहा जाता है। अगर मैं देशद्रोही हूं तो भाजपा इसे साबित करे। लोकतंत्र विचारों से चलता है, फर्जी वीडियो और नफरत से नहीं।" उन्होंने आरोप लगाया कि 2017, 2019 और 2022 के चुनावों में भाजपा ने झूठ के सहारे सत्ता हासिल की और अब 2027 के चुनावों के लिए फिर झूठ की जमीन तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई, रोजगार, पलायन, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण जैसे बुनियादी मुद्दों पर भाजपा पूरी तरह विफल रही है।पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं एआई के दुरुपयोग को लेकर वैश्विक मंचों पर चिंता जता चुके हैं, जबकि उत्तराखंड में भाजपा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज से एआई वीडियो के जरिए राजनीतिक दुष्प्रचार कर रही है। हरीश रावत ने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे भाजपा कार्यालय के बाहर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सात दिनों तक "भाजपा के झूठ" के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध करेंगे और जनता के सामने सच्चाई उजागर करेंगे।

**सीएम ने आमजन से ...**उनके शीतकालीन यात्रा अनुभवों के बारे में जाना। पर्यटकों ने जनपद की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और व्यवस्थाओं को लेकर सकारात्मक फीडबैक दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक बताया। मुख्यमंत्री धामी के दौरे से जिले में खेल, सड़क और पर्यटन विकास के कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। आमजन के साथ संवाद और उनकी समस्याओं का प्रत्यक्ष फीडबैक लेने के इस कदम को जिले में विकास कार्यों के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

**जोरदार प्रदर्शन के साथ...**कई लोग मौजूद रहे। रामनगर- मंगलवार को रामनगर के रानीखेत रोड पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ पुतला दहन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और जिहादी मानसिकता के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचारक प्रमुख हृदयेश शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में जिहादी मानसिकता लगातार बढ़ रही है और हिंदू समाज के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मानसिकता को भारत में किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा और इसका विरोध पूरे देश में किया जाएगा। हृदयेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति को नग्न अवस्था में पेड़ में टांगकर हत्या करने की घटना पूरे देश को शर्मसार कर देने वाली है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता देश के हर हिस्से में जिहादी मानसिकता के प्रसार का विरोध करेंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आईपीएल या अन्य खेलों में बांग्लादेश के खिलाड़ी भारत में भाग लेंगे, तो इसका भी विरोध किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि जिहादी मानसिकता किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियाँ और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के खिलाफ अपनी नारेबाजी जारी रखी।

**बेकाबू टक से कुचलकर...**भी किया लेकिन वह तेजी से वाहन को भगाकर निकल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था जिस कारण उसकी पहचान नही हो पाई। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। वहीं आरोपी ट्रक की तलाश के लिए सीसी टीवी फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं इस हादसे से कुछ घंटे पहले यहां पर तेज रफ्तार का एक और कहर देखने को मिला था। हरिलोक तिराहे से कुछ दूरी पर एक स्विफ्ट कार पलट गई। हरिणा नंबर की यह कार फ्लाईओवर पर तेज गति से जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार यात्री सकुशल बच गये।

**हिंदूवादी संगठनों ने ..**मिलने पर हिंदूवादी नेता विराट आर्या सहित तमाम लोग वहां आ पहुंचे और हमले के विरोध में ट्रांजिट कैम्प कोतवाली का घेराव कर दिया। उनका कहना था कि ट्रांजिट कैम्प में अराजक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं परंतु पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे क्षेत्र के लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। पुलिस ने रोषित लोगों को समझाकर शांत किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले के चार संदिग्ध युवकों को औचक दबिश देकर दबोच लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इधर मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले में जांच करने में जुटी हुई है।

**कर्ज में डूबी...**पर लटका देखा तो शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर परिजनों सहित आसपास के लोग भी आ गये। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और चम्पा को फांसी से उतारकर चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चम्पा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और पोस्टमार्टम कराने बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका चम्पा की दो पुत्रियां व एक पुत्र है जिनमें एक पुत्री का विवाह हो चुका है। पति दलीप मजदूरी का काम करता है।

**भालू ने स्कूली बच्चें ...**बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और प्रशासन से तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने भी इलाके में भालू की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है और स्कूल मार्गों पर सुरक्षा उपायों को सख्त करने की बात कही है।

# श्री श्री अनुकूल चंद्र ठाकुर जी की जयंती पर आध्यात्मिक महोत्सव 25 को

शक्तिफार्म। नगर के टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 25



दिसंबर को युग पुरुषोत्तम श्री श्री अनुकूल चंद्र ठाकुर जी की 138वीं पावन जन्म जयंती के अवसर पर एक भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियाँ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अंतिम चरण में हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्पों, धार्मिक ध्वजों और प्रतीकों से भव्य रूप दिया जा रहा है। आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित और अनुशासित बनाने के लिए विभिन्न कार्य समितियों का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। आँचलिक उत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी सूरज देवनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जन्मोत्सव को पूर्व वर्षों की तुलना में कहीं अधिक भव्य और व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस जन्मोत्सव में शक्तिफार्म के अलावा किच्छा, रुद्रपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, पंतनगर, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा सहित उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बरेली, पूरनपुर तथा दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी हजारों की संख्या में अनुयायी और श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस आध्यात्मिक महोत्सव के अंतर्गत दिनभर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें वेद मांगलिक अनुष्ठान एवं उषा कीर्तन, प्रातःकालीन विनती प्रार्थना एवं वाणी पाठ, भव्य शोभायात्रा, मातृ सम्मेलन, संगीतांजलि एवं भजन-कीर्तन, भावधारा पर प्रवचन एवं चर्चा, आनंद बाजार प्रसाद (विशाल भंडारा), सायंकालीन विनती, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम और रॉक कीर्तन प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्वान वक्ता एवं कीर्तन मंडलियां सहभागिता करेंगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण आनंद बाजार प्रसाद भंडारा रहेगा, जिसमें लगभग 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता और यातायात से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। सूरज देवनाथ ने सभी से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया।

# अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को लोक भवन में उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री नेगी ने राज्यपाल को अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा तथा आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों, गतिविधियों एवं विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आयोग के सचिव श्री गोरधन सिंह भी उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रूद्रपुर में भव्य उत्तरायणी महोत्सव 13 और 14 जनवरी को

## दो दिवसीय महोत्सव के लिए शैल सांस्कृतिक समिति ने बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और पर्वतीय विरासत को सहेजने के उद्देश्य से शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तरायणी पर्व (घुघुतिया त्यार) के अवसर पर दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव आगामी 13 एवं 14 जनवरी को गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आयोजित होगा।महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित समिति की बैठक में आयोजन को भव्य, दिव्य और यादगार बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहन विचार-विमर्श कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, अतिथियों, व्यवस्थाओं और सामाजिक सरोकारों को लेकर रणनीति तय की। बैठक में जानकारी दी गई कि महोत्सव के पहले दिन 13 जनवरी को उत्तराखंड के ख्याति प्राप्त लोक गायक गजेन्द्र राणा अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उनके साथ ही लोक गायिका डॉ. कसुम भट्ट, कुमाऊनी कलाकार साक्षी काला, विक्रम रावत, जगदीश भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, सुरू रावत, अक्षय राणा, विमल रावत, पवन रावत, पंकज बणई, शिवम शर्मा सहित अनेक कुमाऊनी एवं गढ़वाली कलाकार मंच पर अपनी लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 14 जनवरी को क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्वतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को



अपनी लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव में कुमाऊनी संस्कृति एवं पारंपरिक व्यंजनों के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां लोग पहाड़ की लोकजीवन शैली और स्वाद से रूबरू हो सकेंगे। इसके साथ ही पर्वतीय उत्पादों के व्यापारिक स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जो स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को प्रोत्साहन देंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और अन्य आकर्षण भी मेले का हिस्सा होंगे। समिति के संरक्षक एवं चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. के.सी. चंदौला ने बताया कि उनके कॉलेज की ओर से मेले के दौरान दो दिनों तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में छह चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी और जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव के साथ सामाजिक सेवा को जोड़ना समिति की प्राथमिकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक दिनेश बम ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड आयुष परिषद के अध्यक्ष डॉ. के.सी. चंदौला, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ एवं रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा कार्यक्रम में शामिल होंगे। महोत्सव की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा की जाएगी। बैठक में गोपाल सिंह पटवाल, डॉ. किशोर चंदौला, सी.बी. घिल्डियाल, दिनेश भट्ट, महेश काण्डपाल, दिवाकर पाण्डेय, उत्तम जंतवाल, ललित मोहन उप्रेती, मोहन चन्द्र उपाध्याय, भरत लाल साह, नरेन्द्र सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह बोरा, लक्ष्मी दत्त भट्ट, त्रिभुवन जोशी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किंग्स हाइट इंटरनेशनल में गणित तथा वाणिज्य सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन

## विभिन्न डिफेंस ड्रिल, बेल्जियम डांस के माध्यम से लगाये गये स्टॉल

दिनेशपुर। विजयनगर ग्रामसभा स्थित किंग्स हाइट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कक्षा आठ से हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने गणित से संबंधित विभिन्न मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत किए। इसके साथ ही वाणिज्य से संबंधित गतिविधियाँ तथा विभिन्न डिफेंस ड्रिल, बेल्जियम डांस के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अरविंद पांडे, चंद्र कुमार जोशी (अखिल भारतीय पुलिस बॉक्सिंग मुख्य कोच) और स्कूल प्रबंधक आलमजीत सिंह साहू ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चो ने उल्टी-सीधी गिनती, उल्टी-सीधी पहाड़े, रंगोली से गणितीय आकृतियां, गणितीय सूत्रों का प्रदर्शन और कलात्मक चार्ट व मॉडल तैयार किए। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति रुचि और समझ बढ़ाना था।छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शाया कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि रचनात्मकता और तर्क शक्ति का आधार है। इस दौरान कार्यक्रम का विशेष आकर्षण डिफेंस से संबंधित विभिन्न ड्रिल, मास्क ड्रिल पोम पोम ड्रिल, रिंग ड्रिल, रिबन ड्रिल,फैन ड्रिल, हांकी ड्रिल, डंबल ड्रिल, क्लैप ड्रिल , लेजियम ड्रिल , साड़ी ड्रिल रहीं, जिनमें छात्रों ने अनुशासन, आत्मरक्षा, तालमेल, साहस और देशभक्ति का परिचय दिया। इन





ड्रिलों के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना को भी प्रबल किया गया। विधायक पाण्डेय ने विद्यार्थियों को गणित के महत्व और महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, संघर्ष तथा योगदान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रबंधक आलम जीत सिंह साहू,प्रधानाचार्य अंजू बोरा, एडमिन इंचार्ज परमानंद, डी एस राणा,अभिषेक गुप्ता, विश्वजीत ढाली, नितिन कुमार हाल्दार,गोपाल सिकदार ,रोहित , राजवीर सिंह, कैलाश कुमार , गीता पांडे, बल्विंदर सिंह साहू, गीता मौलकी, हरविंदर कौर,सावित्री रावत ,रूपाली, प्रीति आदि सभी शिक्षक एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।






# विधवा महिला को आर्थिक संकट से मिली राहत

## महापौर, पार्षद और बैंक प्रबंधक के संयुक्त प्रयास लाए रंग

रूद्रपुर। महापौर, पार्षद और बैंक प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से एक जरूरतमंद विधवा महिला को लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक संकट से राहत मिल गई। जरूरी दस्तावेजों के अभाव में बैंक से लगभग दस लाख रुपये के देयकों का भुगतान अटका हुआ था, लेकिन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब महिला को यह राशि प्राप्त हो गई है। दरअसल परिवहन निगम में कार्यरत इंदिरा कॉलोनी निवासी रणवीर सिंह का करीब एक वर्ष पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी निर्मला सिंह उनकी इकलौती वारिस रह गईं। पति की मृत्यु के बाद उन्हें नौकरी से संबंधित देयकों का भुगतान मिलना था, लेकिन बैंक खाता न होने और आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित केवाईसी से जुड़े दस्तावेजों के अभाव में भुगतान संभव नहीं हो पा रहा था। आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण महिला का नया बैंक खाता भी नहीं खुल पा रहा था। मामला जब वार्ड 12 की




पार्षद महेंद्री शर्मा के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी महापौर विकास शर्मा को दी। इसके साथ ही उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा, सिडकुल पंतनगर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार झरवाल से भी महिला की सहायता करने का अनुरोध किया। महापौर विकास शर्मा ने भी व्यक्तिगत रूप से बैंक प्रबंधक से संपर्क कर मामले की संवेदनशीलता से अवगत कराया और महिला को हरसंभव मदद दिलाने का आग्रह किया।महापौर और पार्षद द्वारा महिला के निवास की पुष्टि करते हुए आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए गए। इन दस्तावेजों के आधार पर बैंक प्रबंधक ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी साझा की। इसके बाद महिला के आवासीय पते का सत्यापन कराया गया और केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर बैंक खाता खोला गया। बैंक खाता खुलते ही महिला के खाते में पति की नौकरी से संबंधित देयकों के रूप में करीब दस लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर दी गई है। इस राशि के मिलने से लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रही निर्मला सिंह को बड़ी राहत मिली है। सोमवार को निर्मला सिंह नगर निगम कार्यालय पहुंचीं और महापौर विकास शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्षद महेंद्री शर्मा और बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार झरवाल का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग से उन्हें कठिन समय में नई उम्मीद मिली है।


